Title: Requests the Central Government to send Central Police Force to maintain law and order situation in Murina District, Madhya Pradesh.

श्री अशोक अर्गल (मुरैना) : सभापति जी, मैं मध्य प्रदेश के मुरैना जिले से चुनकर आया हूं। वहां पर कानून और व्यवस्था नाम की कोई चीज़ नहीं है। पिछले छः महीनों में रूहर गांव के सरपंच सहित दो अन्य साथियों की डाकू द्वारा हत्या कर दी गई। वहां ८-१० रजिस्टर्ड गैंग हैं। पुलिस द्वारा किसी भी मामले में कोई सफलता हासिल नहीं की गई है। विजयपुर में ११ वर्ष के सुधीर शर्मा का अपहरण हो गया। छः महीने हो गए, पुलिस को कोई जानकारी नहीं है। उसकी लाश भी नहीं मिली। थाना गथवानी से तीन धाकड़ों की पकड़ हो गई। बाबड़खेड़ा में एक महिला सहित दो लोगों की हत्या कर दी गई। पूरे घर को लूट ले गए। वीरपुर के माखनलाल गुप्ता का अपहरण हो गया। आज २० दिन हो गए, कोई पता नहीं है। मामचौंग से धाकड़ का अपहरण हो गया। आज तक कोई पता नहीं है। जखौड़ा गांव के जाटव की हत्या कर दी। नगरात थाना श्रेत्र में दो हरिजनों की हत्या कर दी। मुरैना के भरे बाज़ार में एक व्यापारी से पांच लाख रूपये लूट ले गए, एक व्यापारी से दो लाख रुपये लूट ले गए। बादकीने में एक डकैती हुई, झुण्डपुरा में हुई, लेकिन आज तक किसी भी मामले में पुलिस को कोई सफलता हासिल नहीं हुई है।

मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह इस पर गंभीरता से विचार करे और वहां की कानून और व्यवस्था को मजबूत करने के लिए केन्द्रीय पुलिस बल भेजे। जय हिंद, जय भारत।